आवश्यक जानकारी

डिप्टी रेंजर (13/2024), फॉरेस्टर (02/2026) एवं फॉरेस्ट गार्ड (04/2026) पदों के लिए शारीरिक स्क्रीनिंग टेस्ट (PST) के आयोजन संबंधी आवश्यक जानकारी

1. PST – 23.11.2026 से 30.11.2026 तक आयोजित होगी।
2. PST का वेन्यू – आउटर रिंग रोड, गांव दादूपुर खुर्द, विवान होटल के नजदीक, राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-44), करनाल, हरियाणा है।
3. PST से संबंधित किसी भी शिकायत अथवा जानकारी के लिए **हेल्पलाइन नंबर: 079719-00047 (सुबह 07.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक)** पर संपर्क कर सकते हैं।
4. अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड को डाउनलोड करके उसमें दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा निर्धारित रिपोर्टिंग समय से पूर्व PST स्थल पर पहुंचे। अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड साथ अवश्य लाएं।
5. अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, करनाल में भी नए बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन से मुफ्त बस सेवा उपलब्ध होगी, बस कंडक्टर को एडमिट कार्ड दिखाकर सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।
6. **PST वेन्यू की संक्षिप्त जानकारी**



- **वेटिंग एरिया** - PST साइट पर सबसे पहले वेटिंग एरिया होगी।
- **बैगेज काउंटर –** जहाँ अभ्यर्थियों को अपने बैग रखने की मुफ्त सुविधा होगी।
- **बायोमेट्रिक काउंटर –** यहाँ पर बायोमेट्रिक होने के बाद बिब नंबर दिया जाएगा।
- **रजिस्ट्रेशन काउंटर –** यहाँ पर रजिस्ट्रेशन के बाद TRACKING CHIP दिया जाएगा।
- **स्टार्टिंग पॉइंट** - अभ्यर्थी स्टार्टिंग पॉइंट पर जाकर अपनी दौड़ स्टार्ट करेंगे।

7. पुरुष अभ्यर्थियों को 25 किलोमीटर की दौड़ 4 घंटे में पूरी करनी होगी ।
8. महिला अभ्यर्थियों को 14 किलोमीटर की दौड़ 4 घंटे में पूरी करनी होगी ।
9. एक से अधिक पदों के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को PST में केवल एक बार भाग लेना होगा। प्रत्येक पद के लिए अलग – अलग दौड़ लगाने की आवश्यकता नही होगी।
10. 23.11. 2026 से PST खत्म होने तक एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है।
11. अभ्यर्थियों को PST के दौरान चिकित्सा आधार पर छूट पाने हेतु **आयोग कार्यालय, पंचकूला पर Representation देना अनिवार्य होगा।**
12. अभ्यर्थी अपने साथ मेडिकल एवं अन्य संबंधित दस्तावेज अवश्य लेकर आएं।
13. PST ट्रैक पर अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए हर 500 मीटर पर पानी की व्यवस्था होगी।
14. सुरक्षा की दृष्टि सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी के साथ स्टाफ एवं पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी।
15. PST के दौरान साईट पर मेडिकल टीम और एम्बुलेंस उपलब्ध होंगी।
16. अभ्यर्थी किसी भी अपडेट के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट (https://www.hssc.gov.in/) को नियमित रूप से देखते रहें।